विभाग दूसरा

# ९. शाब्दिक प्रश्न : जोड़ – घटाव

## जोड़

◆ उमा चाची ने ५ किलोग्राम अरहर की दाल ३४५ रुपयों में और २० किलोग्राम चावल ७८९ रुपयों में खरीदा तो उमा चाची ने कुल कितने रुपयों की खरीददारी की ?

| | | विधि |
|---|---|---|
| कौन–सी जानकारी दी गई है ? | अरहर की दाल तथा चावल का मूल्य दिया गया है । | अरहर की दाल का मूल्य ₹ ३४५<br>चावल का मूल्य ₹ ७८९ |
| क्या पूछा गया (ज्ञात करना) है ? | कुल खरीददारी कितनी, यह पूछा गया है । |   ३४५<br>+ ७८९<br>———<br>११३४ |
| कौन–सी क्रिया करनी पड़ेगी ? | जोड़ (योगफल) | |
| उमा चाची ने कुल ११३४ रुपयों की खरीदारी की । | | |

◆ एक रेफ्रिजरेटर का मूल्य ₹ १३,७५० तथा एक अलमारी का मूल्य ₹ ८,९९९ है, तो ये दोनों वस्तुएँ खरीदने पर दुकानदार को कुल कितने रुपये देने पड़ेंगे ?

| | |
|---|---|
| १ १ १ | |
| १ ३ ७ ५ ० | रेफ्रिजरेटर का मूल्य |
| + ८ ९ ९ ९ | अलमारी का मूल्य |
| २ २ ७ ४ ९ | दुकानदार को दी गई रकम (रुपये) |

दुकानदार को २२,७४९ रुपये देने पड़ेंगे ।

## स्वाध्याय

निम्नलिखित प्रश्नों को हल करो ।

(१) बाबूराव ने अपने बगीचे में मोसंबी के १४३ तथा चीकू के १५६ पौधों का रोपण किया तो उन्होंने कुल कितने पौधों का रोपण किया ?

(२) प्रियांकाने २४५ रुपये की पुस्तकें और १७८ रुपये की कापियाँ (नोटबुक) खरीदीं तो उसने कुल कितने रुपयों की खरीदारी की ?

(३) किसी पुस्तकालय में कहानी की १,२३० पुस्तकें तथा कविता की १५० पुस्तकें हैं तो उस पुस्तकालय में इन दोनों प्रकार की कुल कितनी पुस्तकें हैं ?

(४) कोई सर्कस देखने के लिए १,३१० बच्चे, १,५०५ महिलाएँ और ७९० पुरुष आए थे तो सर्कस देखने के लिए कुल कितने व्यक्ति आए थे ?

(५) अजय ने एक बैंक में १८,००० रुपये और किसी अन्य बैंक में १५,००० रुपये जमा किए तो उसने दोनों बैंकों में कुल कितने रुपये जमा किए ?

## घटाव

◆ किसी विद्यालय के पुस्तकालय में मराठी भाषा की १,४७३ पुस्तकें और हिंदी भाषा की ५८६ पुस्तकें हैं तो किस भाषा की और कितनी पुस्तकें अधिक हैं ?

| | | विधि |
|---|---|---|
| कौन-सी जानकारी दी गई है ? | मराठी भाषा की पुस्तकें १,४७३<br>हिंदी भाषा की पुस्तकें ५८६ | |
| किस भाषा की पुस्तकें अधिक हैं ? | मराठी भाषा की । | |
| और क्या पूछा गया है ? | मराठी भाषा की कितनी पुस्तकें अधिक हैं ? | |
| कौन-सी क्रिया करनी चाहिए ? | घटाव | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | १३ | १६ | |
| | ० | ~~३~~ | ~~६~~ | १३ |
| | ~~१~~ | ~~४~~ | ~~७~~ | ~~३~~ |
| − | | ५ | ८ | ६ |
| | ० | ८ | ८ | ७ |

मराठी भाषा की पुस्तकें अधिक हैं । हिंदी भाषा की अपेक्षा ८८७ पुस्तकें अधिक हैं ।

◆ दो संख्याओं का जोड़ ३१,४२६ है ।
उनमें से एक संख्या १७,५४८ हो
तो दूसरी संख्या कौन-सी है ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | २ | १० | १३ | ११ | |
| | | ~~०~~ | ~~३~~ | ~~१~~ | १६ |
| | ~~३~~ | ~~१~~ | ~~४~~ | ~~२~~ | ६ |
| − | १ | ७ | ५ | ४ | ८ |
| | १ | ३ | ८ | ७ | ८ |

दूसरी संख्या १३, ८७८ है ।

## स्वाध्याय

निम्नलिखित प्रश्नों को हल करो ।

(१) अब्दुल के पास ७२० मनके हैं । उसने उनमें से ६४८ मनके बेच दिए तो अब उसके पास कितने मनके बचे रह गए ?

(२) जोसेफ ने कुछ मेजें ६,३५० रुपयों में और कुछ कुर्सियाँ ३,८०० रुपयों में खरीदीं तो उसने कुर्सियों की अपेक्षा मेजों पर कितना अधिक खर्च किया ?

(३) राघवराव ने ३,५८७ रुपयों के बीज और ४,६५५ रुपयों की खादें खरीदीं तो उन्होंने बीजों की अपेक्षा खादों पर कितना अधिक खर्च किया ?

(४) १ जून को निशा के मकान में लगे विद्युत मीटर का पाठ्यांक | 0 | 3 | 4 | 5 | 2 | था । यदि १ जुलाई का पाठ्यांक | 0 | 3 | 5 | 3 | 1 | हो तो जून माह में बिजली की कितनी युनिटों का उपयोग किया गया?

(५) सन २००१ की जनगणना में किसी कस्बे की जनसंख्या ६२,९४७ थी । सन २०११ की जनगणना में यह ७४,४०५ हो गई तो इस अवधि में उस कस्बे की जनसंख्या में कितनी वृद्धि हुई ?

## जोड़ तथा घटाव : मिश्रित प्रश्न

◆ किसी जंगल में कुल ४२,३०६ वृक्ष हैं । उनमें से सागौन के २३,४७९, बबूल के १६,६७५ तथा शेष अन्य प्रकार के वृक्ष हैं । उस जंगल में अन्य प्रकार के कितने वृक्ष हैं ?

| | | विधि |
|---|---|---|
| क्या पूछा गया है ? | जंगल में अन्य वृक्षों की संख्या | |
| क्या दिया गया है ? | कुल वृक्ष : ४२,३०६<br>सागौन के वृक्ष : २३,४७९<br>बबूल के वृक्ष : १६,६७५ | |
| पहले कौन–सी क्रिया करेंगे ? | पहले सागौन तथा बबूल के वृक्षों की संख्या का जोड़ ज्ञात करेंगे ।<br>(जोड़) |   २ ३ ४ ७ ९<br>+ १ ६ ६ ७ ५<br>  ४ ० १ ५ ४ |
| उसके बाद में कौन–सी क्रिया करेंगे ? | उसके बाद वृक्षों की कुल संख्या में से ऊपर आए हुए जोड़ को घटाएँगे ।<br>(घटाव) |        २ १०<br>  ४ २ ~~३~~ ~~०~~ ६<br>− ४ ० १ ५ ४<br>  ० २ १ ५ २ |
| जंगल में अन्य प्रकार के २,१५२ वृक्ष हैं । | | |

**स्वाध्याय**

निम्नलिखित प्रश्नों को हल करो ।

(१) रोहन ने संगणक खरीदने के लिए २७,६५८ रुपये, प्रिंटर तथा स्कैनर खरीदने के लिए १६,४७८ रुपये खर्च किए । इन उपकरणों की पैकिंग तथा परिवहन पर कुछ खर्च किया गया । यदि रोहन ने कुल ४७,००० रुपये खर्च किए हों तो पैकिंग तथा परिवहन पर कितना खर्च किया गया ?

(२) किसी पौधशाला में कुल ३२,१४० पौधे तैयार किए गए । उनमें से आम के १२,७८९ पौधे, सागौन के १०,४२३ पौधे तथा शेष अन्य प्रकार के पौधे थे तो अन्य प्रकार के कितने पौधे थे ?

(३) खेल के एक मैदान की आसन क्षमता २०,७५० है । किसी प्रतियोगिता के अवसर पर ८,५०० महिलाएँ तथा ११,२०० पुरुष उपस्थित हुए हों तो उस मैदान के कितने आसन खाली रह गए ?

(४) रामभाऊ के पास १५,००० रुपये थे । उन्होंने ८,५७० रुपये का चारा और ४,९५० रुपये का अन्य पशुखाद्य (चूनी, खली) भी खरीदा तो उनके पास कितने रुपये बचे होंगे ?

(५) ललिता जी ने एक अस्पताल को ७५,००० रुपये दान दिए । उसमें से ४७,५०० रुपये के उपकरण तथा १८,२४० रुपये की औषधियाँ खरीदी गईं तो कितनी रकम बची रही ?

## दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्न तैयार करना और उन्हें हल करना

◆ नीचे दी गई जानकारी के आधार पर जोड़ के प्रश्न तैयार करो तथा उसे हल करो ।

दी गई जानकारी : पुरुषों की संख्या १,४५०; महिलाओं की संख्या १,२७० ।

प्रश्न : किसी कारखाने में काम करने वाले पुरुषों की संख्या १,४५० तथा महिलाओं की संख्या १,२७० है, तो उस कारखाने में कुल कितने लोग काम करते हैं ?

| | | |
|---|---|---|
| | १ ४ ५ ० | पुरुष |
| + | १ २ ७ ० | महिलाएँ |
| | २ ७ २ ० | कुल |

उस कारखाने में कुल २,७२० लोग काम करते हैं ।

◆ दी गई जानकारी के आधार पर घटाव का प्रश्न तैयार करो और उसे हल करो ।

दी गई जानकारी : एक मोटर साइकिल का मूल्य ४७,५८० रुपये,
दूसरी मोटर साइकिल का मूल्य ५०,२४० रुपये ।

प्रश्न : कंपनी 'अ' की मोटर साइकिल का मूल्य ४७,५८० रुपये तथा कंपनी 'ब' की मोटर साइकिल का मूल्य ५०,२४० रुपये है । कौन-सी कंपनी की मोटर साइकिल का मूल्य अधिक है और कितने रुपये अधिक है ?

| | | |
|---|---|---|
| | ५ ० २ ४ ० | रुपये |
| − | ४ ७ ५ ८ ० | रुपये |
| | ० २ ६ ६ ० | रुपये |

कंपनी 'ब' की मोटर साइकिल का मूल्य अधिक है और यह २,६६० रुपये अधिक है ।

### स्वाध्याय

नीचे दी गई जानकारियों के आधार पर प्रत्येक प्रश्न के लिए जोड़ का एक तथा घटाव का एक, प्रश्न तैयार करो और उन्हें हल भी करो ।

(१) एक कंपनी की वॉशिंगमशीन का मूल्य : १९,९९९ रुपये; दूसरी कंपनी की वॉशिंगमशीन का मूल्य : २१,५५० रुपये ।

(२) २,५७० रुपये की चूनी; ३,९०० रुपये का चारा ।

(३) एक कस्बे की जनसंख्या ७६,५६०; दूसरे कस्बे की जनसंख्या ५७,९४० ।

(४) मुंबई से टोकियो तक विमान का किराया : ₹ ३५,८४०; टोकियो से लॉस एंजेलिस तक विमान का किराया : ₹ ३८,७६० ।

(५) नई मोटर साइकिल का मूल्य : ₹ ४६,५३०; पुरानी मोटर साइकिल का मूल्य : ₹ ८,५०० ।

(६) गणित की पुस्तकें १७,५०० और विज्ञान की पुस्तकें १३,२५० ।

(७) कोल्हापुर से मुंबई तक जाने वाली कोई बस पुणे से होकर जाती है । पुणे से मुंबई तक की दूरी १५२ किलोमीटर; पुणे से कोल्हापुर की दूरी २३५ किलोमीटर ।

(८) पानी की किसी टंकी की धारिता : ३८,५०० लीटर; पानी की एक अन्य टंकी की धारिता : २२,७५० लीटर ।